MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE :- 01 April, 2026

MCU NEWS

भोपाल, 1 अप्रैल 2026

एमसीयू एनएसएस यूनिट ने पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान शुरू किया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने 31 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में 'दाना-पानी अभियान' का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य बढ़ती गर्मी में पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करना था।

कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी के मार्गदर्शन में हुए इस अभियान में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कैंटीन और विभिन्न वृक्षों के पास पानी और दाने के सकोरे रखे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. गजेंद्र सिंह अवास्या और मनीषा वर्मा ने किया। अध्यक्ष तविषी देवरानी ने इस अभियान की परिकल्पना की, जो स्वयंसेवकों में जीव-दया की भावना को जागृत करने पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि यह अभियान हमारी प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराता है और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने में मदद करता है।

News Clipping Service
from MCNUJC Library
Dainik Naidunia 01-04-2026

एमसीयू में दाना-पानी अभियान आयोजित

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में 'दाना-पानी अभियान' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के संरक्षण हेतु शुरू किए गए इस कार्य का आयोजन कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का समन्वय कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गजेंद्र सिंह अवास्या और मनीषा वर्मा ने किया।

News Clipping Service
from MCNUJC Library
Peoples Samachar 01-04-2026